खेल समाचार

गांगुली आईपीएल के लिए दिल्ली कैपिटल्स के हेड कोच बने

नई दिल्ली। दिल्ली कैपिटल्स ने मंगलवार को आईपीएल 2027 सीजन के लिए भारत के पूर्व कप्तान सौरव गांगुली को हेड कोच नियुक्त करने की घोषणा की। 2019 से कैपिटल्स के इकोसिस्टम को कई भूमिकाओं में आकार देने के बाद, गांगुली अब फ्रेंचाइजी के हेड कोच के तौर पर एक नया अध्याय शुरू कर रहे हैं। दिल्ली कैपिटल्स के साथ गांगुली का जुड़ाव 2019 में शुरू हुआ था, जब वह एक सलाहकार के तौर पर फ्रेंचाइजी से जुड़े थे। इन सालों में, उन्होंने कई लीडरशिप भूमिकाएं निभाई हैं, जिनमें पुरुष और महिला दोनों टीमों के लिए क्रिकेट डायरेक्टर का पद भी शामिल है।

घरेलू सत्र से पहले आशुतोष शर्मा ने बदली टीम

नई दिल्ली। आईपीएल में दिल्ली कैपिटल्स के फिनिशर आशुतोष शर्मा 2026-27 घरेलू सत्र से पहले रेलवे छोड़कर गुजरात की टीम से जुड़ गए हैं। संभावना है कि आशुतोष, गुजरात के लिए सीमित ओवरों का क्रिकेट में भी हिस्सा लेंगे। आशुतोष उन तीन पेशेवर खिलाड़ियों में शामिल हैं जिन्हें गुजरात ने अपने साथ जोड़ा है। अन्य दो खिलाड़ी राजस्थान के तेज गेंदबाज अशोक शर्मा (जो फलिहाल चोटिल हैं) और लेग स्पिनर रवि बिश्नोई हैं। मध्य प्रदेश से आने वाले आशुतोष ने अपने लिस्ट ए और टी 20 करियर की शुरुआत राज्य टीम से की थी। वह पहले भी अपने गृह राज्य में पर्याप्त मौके नहीं मिलने की वजह से टीम बदलने की जरूरत पर बात कर चुके हैं।

केपीपीएल की शुरुआत 9 अक्टूबर को बेंगलुरु में होगी

बेंगलुरु। कर्नाटक को अपनी पहली फ्रेंचाइजी-आधारित पिकलबॉल लीग मिलने जा रही है। कर्नाटक पिकलबॉल प्रीमियर लीग (केपीपीएल) का आगाज 9 अक्टूबर को होगा। इस तीन दिन के टूर्नामेंट में सात टीमें और 56 खिलाड़ी हिस्सा लेंगे। इसका मकसद राज्य में तेजी से लोकप्रिय हो रहे इस खेल को एक प्रोफेशनल मंच देना है। केपीपीएल का पहला सीजन 9 से 11 अक्टूबर तक बेंगलुरु के जीकेवी में खेला जाएगा। इसमें हिस्सा लेने वाली सात फ्रैंचाइजी में 'कूर्ग ओरिजिनल्स' भी शामिल है।

टाटा स्टील के चेरो तीरंदाजों की वापसी

मुंबई। टाटा स्टील के स्वामित्व वाली झारखंड स्थित फ्रेंचाइजी चेरो आर्चर, हैदराबाद में 8 से 18 अक्टूबर, 2026 तक होने वाले तीरंदाजी प्रीमियर लीग (एपीएल) के दूसरे सीजन के लिए वापसी करेगी। सेमीफाइनल में पहुंचने और उद्घाटन सत्र में चौथे स्थान पर रहने के बाद, चेरो आर्चर ने अंतर्राष्ट्रीय सितारों और भारत के कुछ प्रमुख तीरंदाजों के मिश्रण के साथ सीजन 2 के लिए अपनी लाइन-अप को मजबूत किया है।

हरमनप्रीत कौर ने छोड़ी तीनों फॉर्मेट की कप्तानी

नई दिल्ली, वार्ता

कहा: टीम को एक अच्छी स्थिति में छोड़ने के बाद अब वह फिर से खेल के प्यार के लिए खेलने को तैयार हैं, भारत के लिए पांच टेस्ट, 51 वनडे और 155 टी-20 में कप्तानी की

हरमनप्रीत कौर ने भारत की महिला टीम की तीनों अंतर्राष्ट्रीय प्रारूपों की कप्तानी छोड़ दी है। पिछले साल भारत को महिला वनडे विश्व कप का पहला वैश्विक खिताब दिलाने वाली हरमनप्रीत ने इंस्टाग्राम पोस्ट के जरिए फैसले की जानकारी दी।

उन्होंने कहा कि टीम को एक अच्छी स्थिति में छोड़ने के बाद अब वह फिर से खेल के प्यार के लिए खेलने को तैयार हैं। 37 वर्षीय हरमनप्रीत ने भारत के लिए पांच टेस्ट, 51 वनडे और 155 टी-20 में कप्तानी की। कप्तान के रूप में उनका आखिरी काम पिछले महीने निशिन में भारत को लगातार दूसरा एशियाई खेलों का स्वर्ण पदक दिलाना रहा। हरमनप्रीत के कप्तान रहते स्मृति मंधाना टीम की उपकप्तान थीं और वह कप्तानी की सबसे प्रबल दावेदार हैं। यह फैसला उस बैठक के एक दिन बाद आया, जिसमें हरमनप्रीत, भारत की उपकप्तान स्मृति मंधाना और मुख्य कोच अमोल मजूमदार ने गुवाहाटी में बीसीसीआई सचिव देवजीत सैकिया से मुलाकात कर महिला टीम के भविष्य की योजनाओं पर चर्चा की थी। अपने इंस्टाग्राम पोस्ट में हरमनप्रीत ने लिखा, 'यह फैसला आसान नहीं है। इसके साथ वर्षों की यादें, भावनाएं, त्याग और ऐसे अनगिनत पल जुड़े हैं जो हमेशा मेरे साथ रहेंगे। मैंने इस टीम और भारतीय महिला क्रिकेट को अपना सब कुछ दिया है, अपना खून, पसीना, समय और कई बार अपनी निजी महत्वाकांक्षाओं का भी एक हिस्सा। कई मौकों पर मुझे अपने प्रदर्शन, अपने विकास और अपनी व्यक्तिगत इच्छाओं को पीछे रखना पड़ा, क्योंकि मेरे लिए टीम हमेशा सबसे पहले रही। उन्होंने आगे लिखा कि कप्तान के तौर पर मुझे कई कठिन फैसले लेने पड़े। ऐसे फैसले जिन्हें हर किसी ने नहीं समझा, जो कभी आसान नहीं थे और जिनकी व्यक्तिगत कीमत भी चुकानी पड़ी। लेकिन हर बार मेरा मकसद सिर्फ एक था - टीम को बेहतर बनाना और दूसरे खिलाड़ियों को आगे बढ़ने, खुद पर भरोसा करने और अपनी पूरी क्षमता तक पहुंचने का मौका देना। मैंने इस सफर में सब कुछ देखा है। मुश्किल दौर, दिल तोड़ देने वाली हार, आलोचनाएं, सवाल और वे दिन भी जब कुछ भी हमारे पक्ष में नहीं था। लेकिन मैंने ऐसे पल भी जिए हैं जिन्हें कभी नहीं भुलाया जा सकता - जीत की खुशी, जश्न के लम्हे, देश का प्रतिनिधित्व करने का गर्व और वे यादें जिन्होंने हर त्याग को मायने दिए।' उन्होंने कहा, ''आज मैं भावुक मन से कप्तानी छोड़ रही हूं, लेकिन भीतर एक संतोष भी है। क्योंकि मुझे यकीन है कि यह टीम मजबूत हाथों में है। इस टीम में प्रतिभा है, आत्मविश्वास है, चरित्र है और एक शानदार भविष्य है, जिसे देखने और उसका हिस्सा बने रहने को लेकर मैं बेहद उत्साहित हूं। मुझे लगता है कि मैंने अपना फर्ज निभाया है। मैंने इस टीम के लिए अपना सर्वश्रेष्ठ दिया, इस जिम्मेदारी को पूरी ईमानदारी और गर्व के साथ निभाया और भारतीय महिला क्रिकेट की कप्तानी करने का अवसर मिलने के लिए मैं हमेशा आभारी रहूंगी। अब मेरे जीवन का एक नया अध्याय शुरू हो रहा है। कप्तानी भले ही खत्म हो रही हो, लेकिन भारतीय क्रिकेट के लिए मेरा प्यार कभी खत्म नहीं होगा।' मैं अपनी सभी साथी खिलाड़ियों, कोचों, सपोर्ट स्टाफ, प्रबंधन, बीसीसीआई, अपने परिवार और उन सभी प्रशंसकों का दिल से धन्यवाद करती हूं, जिन्होंने हर अच्छे-बुरे दौर में मेरा साथ दिया। खून, पसीना, त्याग, गर्व, मैंने अपना सब कुछ झोंक दिया। अब मैं फिर से सिर्फ खेल के प्यार के लिए खेलने को तैयार हूं। कप्तानी का सफर भले ही समाप्त हो गया हो, लेकिन मेरी यात्रा अभी जारी है।' हरमनप्रीत ने पहली बार 2012 में भारत की टी20 टीम की कप्तानी की थी, लेकिन 2016 में घरेलू टी20 विश्व कप में भारत के ग्रुप चरण से बाहर होने के बाद ही उन्हें इस भूमिका के लिए गंभीर दावेदार के रूप में देखा जाने लगा।

दिव्या ने वॉटर स्विमिंग में परचम लहराया

नासिक की 16 साल की तैराक ने 14 घंटे 35 मिनट में इंग्लिश चैनल पार कर भारत का नाम रोशन किया, दुनिया में सबसे कम उम्र में नार्थ चैनल पार कर पहले ही बना चुकी विश्व रिकॉर्ड

नासिक। नासिक की रहने वाली 16 साल की दिव्या महाजन ने इंग्लैंड से फ्रांस तक मुश्किल इंग्लिश चैनल को 14 घंटे 35 मिनट में सफलतापूर्वक पार करके एक बार फिर ग्लोबल ओपन-वॉटर स्विमिंग के मंच पर भारत का नाम रोशन किया है।

दिव्या ने यह उपलब्धि 3 अक्टूबर को अपने महत्वाकांक्षी 'मिशन सप्त सागर' के तहत हासिल की, जिसका मकसद दुनिया के सात सबसे मुश्किल समुद्री चैनलों को पार करना है। यह उपलब्धि उस घटना के एक महीने से कुछ अधिक समय बाद मिली है जब दिव्या ने 23 अगस्त को उत्तरी आयरलैंड और स्कॉटलैंड के बीच नॉर्थ चैनल को पार करने वाली दुनिया की सबसे कम उम्र की महिला तैराक बनकर विश्व रिकॉर्ड बनाया था। दिव्या ने अपनी इंग्लिश चैनल की तैराकी सुबह 2:50 बजे घने अंधेरे में शुरू की। चैनल पार करने के दौरान, उन्होंने तेज लहरों, तेज हवाओं और समुद्र की विपरीत धाराओं का सामना किया। हालांकि चैनल पार करने की सामान्य दूरी लगभग 33-7 किलोमीटर है, लेकिन तेज धाराओं ने उन्हें उनके रास्ते से हटा दिया, जिससे उन्हें लगभग 50 किलोमीटर तक तैरना पड़ा। मुश्किल हालात के बावजूद, दिव्या ने हिम्मत नहीं हारी और फ्रांस के समय के अनुसार शाम 5:25 बजे फ्रांस के तट पर पहुंचीं, जहां उन्होंने गर्व से भारत का तिरंगा फहराया। 'सी लेपर्ड' के पायलट कैप्टन स्टुअर्ट और को-पायलट शॉन ने 'चैनल पार करने के दौरान उन्हें सपोर्ट किया और रास्ता दिखाया। जॉन मिल ने चैनल स्विमिंग एसोसिएशन की ओर से आधिकारिक ऑब्जर्वर के तौर पर काम किया। दिव्या अभी ओपन-वॉटर स्विमिंग में वर्ल्ड-क्लास ट्रेनिंग लेने के लिए अपने परिवार के साथ यूके में रह रही हैं। उन्होंने हाल ही में अपनी जीसीएसई परीक्षाओं में शानदार नतीजे हासिल किए, जिसमें उन्हें ग्रेड 8 और 9 मिले, और अभी वह प्रेस्टन के कार्डिनल न्यूमैन कॉलेज में ए-लेवल्स की पढ़ाई कर रही हैं। उन्होंने इस उपलब्धि को हासिल करने के लिए अपनी मुश्किल पढ़ाई और कड़ी स्विमिंग ट्रेनिंग के बीच सफलतापूर्वक तालमेल बिठाया है। यह पूरा अभियान महाजन बंधु फाउंडेशन के तहत चलाया जा रहा है, जिसका मुख्य मकसद खेल और शिक्षा के जरिए लड़कियों को सशक्त बनाना है। यह अभियान 'बीबीसी चिल्ड्रेन इन नीड' के लिए फंड भी जुटा रहा है। दिव्या ने कहा कि जब भी मैं कोई चैनल पार करती हूं और फिनिश लाइन पर भारत का तिरंगा लहराती हूं, तो मुझे बहुत गर्व महसूस होता है। अगर मैं ऐसा कर सकती हूं, तो भारत की हर लड़की नामुमकिन को मुमकिन बना सकती है।

ईशान किशन के टेस्ट टीम में चयन पर छिड़ी बहस

दलीप ट्रॉफी में उनके शानदार प्रदर्शन से तेजी से बढ़ती लोकप्रियता उन्हें रेड-बॉल 'टेस्ट क्रिकेट' में दिला सकती है जगह, न्यूजीलैंड दौरे के लिए ईशान के नाम पर किया जा सकता है विचार

मुंबई। इंटरनेशनल क्रिकेट में ईशान किशन की तेजी से बढ़ती लोकप्रियता उन्हें रेड-बॉल क्रिकेट (टेस्ट) में जगह दिला सकती है। हालांकि, अभी उनका चयन पक्का नहीं है, लेकिन इस बात की संभावना है कि नवम्बर के आखिर में न्यूजीलैंड में होने वाले दो टेस्ट मैचों के लिए उन पर विचार किया जा सकता है।

सिलेक्शन कमिटी की बैठक इस हफ्ते होने की उम्मीद है। ऋषभ पंत - जो भारतीय टेस्ट क्रिकेट में मैच जिताने वाले खिलाड़ी और रेड-बॉल के दिग्गज माने जाते हैं - और ध्रुव जुरेल भी टीम में शामिल हैं (दोनों ने भारत के पिछले पांच टेस्ट मैचों में अच्छा प्रदर्शन किया है), ऐसे में टीम में तीसरे विकेटकीपर-बल्लेबाज को शामिल करना शायद जरूरी न समझा जाए। लेकिन टीम मैनेजमेंट और इससे जुड़े लोगों के बीच एक सोच यह भी है कि टेस्ट टीम में वापसी के लिए ईशान किशन का दावा मजबूत है। उन्होंने अब तक सिर्फ दो टेस्ट मैच खेले हैं, जिनमें से आखिरी मैच तीन साल से भी पहले खेला था, लेकिन हाल के दिनों में वे जबरदस्त फॉर्म में हैं - और यह सिर्फ व्हाइट-बॉल क्रिकेट तक ही सीमित नहीं है। दलीप ट्रॉफी में ईस्ट जोन टीम की कप्तानी करते हुए, ईशान ने फाइनल में साउथ जोन के खिलाफ 270 और 80 रनों की शानदार पारियां खेलकर अपनी टीम को खिताब जिताया। तीन मैचों में उन्होंने 100 से ज्यादा की औसत से कुल 409 रन बनाए। इस दौरान उन्होंने रेड-बॉल क्रिकेट में अपनी काबिलियत फिर से साबित की और फाइनल में उन्हें सही मायने में 'प्लेयर ऑफ द मैच' चुना गया। व्हाइट-बॉल क्रिकेट में, उन्होंने भारतीय टीम में अपनी एक खास जगह बनाई है - 2026 में टी20 में 1,005 रनों के साथ वे भारत के सबसे ज्यादा रन बनाने वाले खिलाड़ी हैं। यह देखना दिलचस्प होगा कि नेशनल सिलेक्शन कमिटी तीन विकेटकीपरों वाली स्थिति को कैसे संभालती है, लेकिन जब सेलेक्टर न्यूजीलैंड दौरे के लिए टीम चुनने बैठेंगे, तो ज्यादातर चर्चा ईशान पर ही होगी। एक सोच यह भी है कि दिलीप ट्रॉफी में उनके प्रदर्शन को नजरअंदाज नहीं किया जा सकता। वैसे भी, ईशान व्हाइट-बॉल इंटरनेशनल मैचों में भी विकेटकीपर-बैटर के बजाय स्पेशलिस्ट बैटर के तौर पर खेलने के लिए जाने जाते हैं। जैसा कि क्रिकबज ने पहले बताया था, न्यूजीलैंड की परिस्थितियों में होने वाले दो टेस्ट मैचों के लिए आकाशदीप को एक अहम बॉलर माना जा रहा है, जबकि मुकेश कुमार भी दौड़ में हैं, जिन्होंने हाल ही में खत्म हुए ईरानी कप में 'रेस्ट ऑफ इंडिया' को जीत दिलाई थी। बंगाल के इस तेज गेंदबाज का दिलीप ट्रॉफी में 'ईस्ट' के लिए भी अच्छा प्रदर्शन रहा और उन्होंने तीन मैचों में 12 विकेट लिए। इसके अलावा, पता चला है कि हर्षित राणा ने भी सेंटर ऑफ एक्सीलेंस (सीओई) में बॉलिंग शुरू कर दी है, हालांकि उनकी फिटनेस की सही स्थिति अभी साफ नहीं है। जसप्रीत बुमराह, मोहम्मद सिराज और गुरनूर बरार का खेलना लगभग तय है और प्रसिद्ध कृष्णा की स्थिति में भी सुधार हो रहा है, इसलिए सेलेक्टर के पास काफी विकल्प मौजूद हैं।

रजिस्ट्री सं. डी.एल.-33004/99

भारत का राजपत्र

सी.जी.-डी.एल.-अ.-20082026-275633

असाधारण

भाग II – खण्ड 3 – उप-खण्ड (ii)

प्राधिकार से प्रकाशित

[सं. 4419] नई दिल्ली, बृहस्पतिवार, अगस्त 20, 2026/श्रावण 29,1948

रेल मंत्रालय

(उत्तर रेलवे) (निर्माण संगठन)

अधिसूचना

नई दिल्ली, 18 अगस्त, 2026

का.आ. 4599(अ).—केन्द्रीय सरकार रेलवे (संशोधन) अधिनियम-2008 की धारा 2 के खंड (37-क) द्वारा प्रदत्त शक्तियों का प्रयोग करते हुए इस अधिसूचना के राजपत्र में प्रकाशन की तारीख से **"मुअज्जमपुर नारायण बाई-पास पर Y-कनेक्शन की निर्माण योजना (3.10 किमी.)"**, में लोक प्रयोजन के लिए राष्ट्रीय अवसंरचना उपबंधित कराने हेतु, उत्तर प्रदेश राज्य के **बिजनौर** जनपद में **8.80 हेक्टेयर** भूमि अधिग्रहण हेतु **"विशेष रेल परियोजना"** के रूप में अधिसूचित करती है।

सी.जी.-डी.एल.-अ.-01102026-276667

असाधारण

भाग II – खण्ड 3 – उप-खण्ड (ii)

प्राधिकार से प्रकाशित

[सं. 5113] नई दिल्ली, सोमवार, सितम्बर 28, 2026/आश्विन 6,1948

अधिसूचना

नई दिल्ली, 28 सितम्बर, 2026

का.आ. 5320(अ).—रेलवे अधिनियम-1989 (2008 में संशोधित) की धारा 2 के उपखंड (7-ए) द्वारा प्रदत्त शक्तियों का प्रयोग करते हुए, केन्द्रीय सरकार एतद् द्वारा सरकारी राजपत्र में अधिसूचना के प्रकाशन की तिथि से प्रभावी नीचे तालिका के कॉलम (2) में वर्णित अधिकारी को प्राधिकृत करती है कि वह तालिका के कॉलम (5) में वर्णित रेलवे परियोजना के कार्य निष्पादन अनुपालन, प्रबंधन एवं परिचालन हेतु कॉलम (3) में वर्णित जनपद एवं कॉलम (4) में वर्णित राज्य में **"सक्षम प्राधिकारी"** के रूप में कार्य निष्पादित करें।

तालिका

क्रमांक	सक्षम प्राधिकारी	जनपद	राज्य	रेलवे परियोजना का नाम
1	2	3	4	5
1.	विशेष भूमि अध्याप्ति अधिकारी, बिजनौर	बिजनौर	उत्तर प्रदेश	**"मुअज़्ज़मपुर नारायण बाई-पास पर Y कनेक्शन की निर्माण योजना (3.10 किमी.)"** उत्तर प्रदेश राज्य के बिजनौर जनपद में 8.80 हेक्टेयर भूमि का अधिग्रहण।

सी.जी.-डी.एल.-अ.-01102026-276702

असाधारण

भाग II – खण्ड 3 – उप-खण्ड (ii)

प्राधिकार से प्रकाशित

[सं. 5218] नई दिल्ली, बृहस्पतिवार, अक्टूबर 1, 2026/आश्विन 9,1948

अधिसूचना

नई दिल्ली, 28 सितम्बर, 2026

का.आ. 5427(अ).—रेलवे अधिनियम-1989 (2008 में संशोधन) की धारा 20–एफ के उपखंड (6) द्वारा प्रदत्त शक्तियों का प्रयोग करते हुए, केन्द्रीय सरकार एतद् द्वारा सरकारी राजपत्र में अधिसूचना के प्रकाशन की तिथि से प्रभावी नीचे तालिका के कॉलम (2) में वर्णित अधिकारी को प्राधिकृत करती है कि वह तालिका के कॉलम (5) में वर्णित रेलवे परियोजना के कार्य निष्पादन अनुपालन, प्रबंधन एवं परिचालन हेतु कॉलम (3) में वर्णित जनपद एवं कॉलम (4) में वर्णित राज्य में **"आर्बीट्रेटर"** के रूप में कार्य निष्पादित करें।

तालिका

क्रमांक	आर्बीट्रेटर	जनपद	राज्य	रेलवे परियोजना का नाम
1	2	3	4	5
1.	कलेक्टर, बिजनौर	बिजनौर	उत्तर प्रदेश	**"मुअज़्ज़मपुर नारायण बाई-पास पर Y-कनेक्शन की निर्माण योजना (3.10 किमी.)"** उत्तर प्रदेश राज्य के बिजनौर जनपद में 8.80 हेक्टेयर भूमि का अधिग्रहण।

[फा. सं. 190-डब्ल्यु/लैंड/ एमबी/एमजेडएम बाई पास]

श्याम सिंह, मुख्य प्रशासनिक अधिकारी/निर्माण-II

3465/2026

पंजाब नैशनल बैंक ....भरोसे का प्रतीक

punjab national bank ...the name you can BANK upon!

(A GOVERNMENT OF INDIA UNDERTAKING)

एआरएमबीः पश्चिम दिल्ली, दूसरी मंजिल, विक्रांत टावर, राजेंद्र प्लेस, नई दिल्ली – 110008

ईमेल– cs8334@pnb.bank.in

अचल सम्पत्तियों की ई–नीलामी हेतु बिक्री सूचना

प्रतिभूति हित (प्रवर्तन) नियम 2002 के नियम 8(6) के परन्तुक के साथ पठित वित्तीय आस्तियों का प्रतिभूतिकरण और पुनर्गठन तथा प्रतिभूति हित का प्रवर्तन अधिनियम, 2002 के अधीन अचल सम्पत्तियों के विक्रय हेतु ई–नीलामी विक्रय नोटिस,

आम जनता को और विशेष रूप से कर्जदार और गारंटर्स को यह नोटिस दिया जाता है कि नीचे वर्णित अचल सम्पत्तियां जो प्रतिभूत लेनदार के पास बंधक/प्रभारित है, का सांकेतिक/वास्तविक कब्जा(नीचे वर्णित अनुसार), प्रतिभूत लेनदार पंजाब नेशनल बैंक के प्राधिकृत अधिकारी द्वारा लिया गया है, को ''जहाँ है, जैसा है और जो कुछ भी है'' के आधार पर बेचा जाएगा। बकाया राशि की वसूली, कर्जदार(रों) और गारंटर(रों), आरक्षित मूल्य और धरोहर राशि का विवरण नीचे दी गई तालिका के अनुसार

प्रत्याभूत परिसम्पत्तियों की बिक्री की अनुसूची

क्र. सं.	शाखा का नाम / खाते का नाम / कर्जदार/गारंटर्स खाते का नाम एवं पता	क) सरफासी अधिनियम 2002 की धारा 13(2) के अंतर्गत मांग सूचना की तिथि ख) दिनांक के अनुसार बकाया राशि ग) सरफासी अधिनियम 2002 की धारा 13(4) के अंतर्गत कब्जा की तिथि घ) कब्जा की स्थिति सांकेतिक/भौतिक/रचनात्मक	अचल बंधक सम्पत्तियों का विवरण / स्वामित्व का नाम (बंधक सम्पत्तियाँ)	आरक्षित मूल्य ईएमडी बोली वृद्धि राशि	नीलामी की तिथि एवं समय	सुरक्षित लेनदारों को ज्ञात एन्कम्ब्रेन्स का विवरण
1.	एआरएमबी पश्चिमी दिल्ली **मैसर्स वी बिज आईटी इंडिया प्राइवेट लिमिटेड (अपने निदेशक/अधिकृत प्रतिनिधियों के माध्यम से)** भवन संख्या 1157/1124, कूचा महाजनी, चांदनी चौक, दिल्ली **इसके अलावाः** दुकान संख्या 408, ए–352, आउटर रिंग रोड, मीरा बाग, पश्चिम विहार, नई दिल्ली – 110087 **इसके अलावाः** 17, भेरा एन्क्लेव, पश्चिम विहार, नई दिल्ली – 110087 **इसके अलावाः** सी–161, पुंडरीक विहार, पीतमपुरा, नई दिल्ली–110088 **मैसर्स शिवा इंफ्रामार्ट (अपने अधिकृत प्रतिनिधियों के माध्यम से)** 337, आउटर रिंग रोड, मीरा बाग, पश्चिम विहार, नई दिल्ली – 110087 **मैसर्स जैन एंड अग्रवाल एसोसिएट्स (अपने अधिकृत प्रतिनिधियों के माध्यम से)** 337, आउटर रिंग रोड, मीरा बाग, पश्चिम विहार, नई दिल्ली – 110087 **श्री अभिषेक अग्रवाल पुत्र श्री राकेश अग्रवाल** जेड–71, मानसरोवर कॉलोनी, मुरादाबाद **श्री सुधीर कुमार पुत्र श्री बृज भूषण लाल** ए–352, आउटर रिंग रोड, मीरा बाग, पश्चिम विहार, नई दिल्ली – 110087 **श्रीमती माला कुमार पत्नी श्री सुधीर कुमार** ए–352, आउटर रिंग रोड, मीरा बाग, पश्चिम विहार, नई दिल्ली – 110087 **श्री पंकज अग्रवाल पुत्र श्री ओम प्रकाश अग्रवाल** 17, दूसरी मंजिल, भेरा एन्क्लेव, पश्चिम विहार, नई दिल्ली – 110087 **श्रीमती सोनू अग्रवाल पुत्र श्री पंकज अग्रवाल** 17, दूसरी मंजिल, भेरा एन्क्लेव, पश्चिम विहार, नई दिल्ली – 110087 **मैसर्स संजीव कुमार एचयूएफ, कर्ता श्री संजीव कुमार पुत्र स्वर्गीय राम प्रकाश के माध्यम से के. एम. स्टोन, नगीना रोड, धामपुर, उत्तर प्रदेश** **श्री कुशाग्र जिंदल पुत्र विपिन जिंदल** सी–161, पुंडरीक विहार, पीतमपुरा, नई दिल्ली–110088 **श्री संजीव कुमार पुत्र स्वर्गीय राम प्रकाश** के. एम. स्टोन, नगीना रोड, धामपुर, उत्तर प्रदेश	क) 30.03.2013 ख) रु. 34,38,02,291/- ग) 10.06.2013 घ) भौतिक	1. दुकान संख्या 1 से 9, द्वितीय तल, मधुबनी योजना, मधुबनी वाणिज्यिक कॉम्प्लेक्स, कांठ रोड, मुरादाबाद, जिसका क्षेत्रफल 508.15 वर्ग मीटर है, जो **मैसर्स जैन एंड अग्रवाल एसोसिएट्स** के नाम पर है।	रू. 3.27 करोड़ रू. 32,70,000/- रू. 2.00 लाख	27.10.2026 पूर्वाह्न 11.00 बजे से अपराह्न 04.00 बजे	ज्ञात नहीं
		क) 30.03.2013 ख) रु. 34,38,02,291/- ग) 10.06.2013 घ) भौतिक	2. दुकान संख्या 12, द्वितीय तल, मधुबनी योजना, मधुबनी वाणिज्यिक कॉम्प्लेक्स, कांठ रोड, मुरादाबाद, जिसका क्षेत्रफल 97.89 वर्ग मीटर है, जो **मैसर्स जैन एंड अग्रवाल एसोसिएट्स** के नाम पर है।	रू. 0.73 करोड़ रू. 7,30,000/- रू. 0.50 लाख		
		क) 30.03.2013 ख) रु. 34,38,02,291/- ग) 10.06.2013 घ) सांकेतिक	3. दुकान संख्या 10, 11, 13 से 17, द्वितीय तल, मधुबनी योजना, मधुबनी वाणिज्यिक कॉम्प्लेक्स, कांठ रोड, मुरादाबाद, जिसका क्षेत्रफल 585.81 वर्ग मीटर है, जो **मैसर्स जैन एंड अग्रवाल एसोसिएट्स** के नाम पर है।	रू. 3.76 करोड़ रू. 37,60,000/- रू. 2.00 लाख		

ई–नीलामी बिक्री के संक्षिप्त नियम एवं शर्तें : बिक्री, प्रतिभूति हित (प्रवर्तन) नियमावली 2002 में वर्णित नियमों एवं शर्तों के अधीन होगी। 1. नीलामी बिक्री "ई–नीलामी" पोर्टल **https://baanknet.com** के माध्यम से ऑनलाइन होगी। (2) ई–नीलामी के लिए प्लेटफॉर्म (**https://baanknet.com**) ई–नीलामी सेवा प्रदाता मेसर्स पीएसबी एलायंस प्राइवेट लिमिटेड जिसका पंजीकृत कार्यालय यूनिट 1, तीसरी मंजिल, VIOS कमर्शियल टॉवर, वडाला ट्रक टर्मिनल के पास, वडी ईस्ट मुंबई–400037 (हेल्पडेस्क नं. 91 8291220220, ईमेल आईडीः **support.baanknet@baanknet.com**) द्वारा प्रदान किया जाएगा। इच्छुक बोलीदाताओं/खरीदारों को ई–नीलामी सेवा प्रदाता की वेबसाइट **https://baanknet.com** पर ई–नीलामी प्रक्रिया में भाग लेना आवश्यक है। यह सेवा प्रदाता पोर्टल पर ई–नीलामी पर ऑनलाइन प्रदर्शन/प्रशिक्षण भी प्रदान करेगा। (3) बिक्री की सामान्य शर्तों और नियमों से युक्त बिक्री नोटिस निम्नलिखित वेबसाइटों/वेब पेज पोर्टल **(1) https://baanknet.com (2) www.pnbindia.in** पर उपलब्ध/प्रकाशित है। (4) सफल बोलीदाता द्वारा बैंक को बिक्री प्रतिफल का भुगतान आयकर अधिनियम 1961 की धारा 194–1ए के अंतर्गत टीडीएस के अधीन होगा तथा सफल बोलीदाता द्वारा बोली राशि का शेष 75% जमा करने/बोली राशि की पूर्ण जमा करने के समय ही टीडीएस का भुगतान किया जाना है। (5) संपत्तियों को "जहां है जैसी है" और "जो है जैसी है" तथा "जो भी है जैसी है" के आधार पर बेचा जा रहा है। (6) उपरोक्त अनुसूची में निर्दिष्ट सुरक्षित परिसंपत्तियों का विवरण प्राधिकृत अधिकारी की सर्वोत्तम जानकारी के अनुसार बताया गया है, लेकिन प्राधिकृत अधिकारी इस घोषणा में किसी भी त्रुटि, गलत बयान या चूक के लिए उत्तरदायी नहीं होगा। (7) सरफेसी अधिनियम की धारा 13(8) के तहत नोटिस, और सुरक्षा हित (प्रवर्तन) नियम, 2002 के नियम 8(6) के साथ सभी मामलों में जारी किया गया है. (8) बिक्री की विस्तृत शर्तों के लिए, कृपया **https://baanknet.com, www.pnb.bank.in** देखें।

सरफासी अधिनियम 2002 के नियम 8(6) के अंतर्गत बिक्री सूचना

प्रकाशन की तिथि : 07.10.2026 स्थानः दिल्ली प्राधिकृत अधिकारी, पंजाब नैशनल बैंक